Title: Regarding Expedite the Work of Proposed new Rail Link Project from Karnal to Yamuna Nagar.

श्री नायब सिंह सैनी (कुरुक्षेत्र): माननीय सभापति जी, धन्यवाद । मैं सबसे पहले दुनिया के सबसे लोकप्रिय प्रधान मंत्री आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी का धन्यवाद करना चाहूंगा, आदरणीय निर्मला सीतारमण जी का धन्यवाद करना चाहूंगा कि उन्होंने 135 करोड़ लोगों की भावनाओं का बजट पेश किया है । इससे हम सभी को मजबूती मिलेगी ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान करनाल से यमुनानगर नई रेल लिंक परियोजना की ओर आकर्षित करना चाहता हूं, जो करनाल से यमुनानगर वाया इंद्री, रादौर से होकर गुजरेगी । इस रेल लिंक से मेरी लोक सभा क्षेत्र के लाडवा, रादौर, यामलावासियों और आसपास के क्षेत्र के लोगों को बहुत बड़ा लाभ मिलेगा । कुरुक्षेत्र और करनाल के आसपास के क्षेत्र के सैकड़ों गांव के लोगों को हरिद्वार, ऋषिकेश जैसे पवित्र स्थानों व उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड जाने के लिए भी यह रेलमार्ग नजदीक और सस्ता पड़ेगा । हरियाणा रेल इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के अनुसार, करनाल से यमुनानगर तक मौजूदा रेल मार्ग अंबाला कैंट से होकर जाता है जो लगभग 121 किलोमीटर है, जबकि प्रस्तावित रेलमार्ग 61 किलोमीटर होगा । एचआरआईडीसी द्वारा बनाये गये एस्टीमेट के अनुसार इस परियोजना की कुल लागत 883.78 करोड़ रुपये की थी । इस परियोजना का प्रस्ताव राज्य सरकार द्वारा रेल मंत्रालय को भेज दिया गया है, जो रेल मंत्रालय में विचाराधीन है ।

अत: मेरा माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि इस परियोजना को जल्द से जल्द संज्ञान में लेकर काम चालू किया जाए, जिससे यात्रियों के समय की बचत हो और उनकी यात्रा सुविधाजनक हो ।